# कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/माध्य/गुण. एवं प्रशि. अनु./गुण.प्र./ई–कक्षा/61187/2026–27 दिनांक : यथा हस्ताक्षर

**समस्त सम्भागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा।**
**समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा।**
**समस्त जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक/प्रारम्भिक शिक्षा।**
**समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक सन्दर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा।**
**समस्त पीईईओ/यूसीईईओ।**
**(जरिये ई–मेल)**

**विषय :–** सत्र 2026–27 में कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों हेतु **"ई–पाठशाला"** कार्यक्रम के संचालन के संबंध में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार एवं डिजिटल पार्टनर 'मिशन ज्ञान' के संयुक्त तत्वावधान में विगत वर्षों की भांति सत्र 2026–27 में भी "ई–पाठशाला" कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को नियमित लाइव कक्षाओं, डिजिटल नोट्स एवं अध्ययन सामग्री के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षण उपलब्ध करवाया जाना है।

कार्यक्रम से संबंधित प्रमुख विवरण निम्नानुसार हैः

**1. कक्षा एवं विषय विवरणः**

- **कक्षा 9 एवं 10:**
  गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान एवं अंग्रेज़ी।
- **कक्षा 11 एवं 12:**
  विज्ञान संकाय : भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान एवं गणित।
  कला संकाय : इतिहास, भूगोल एवं राजनीति विज्ञान।
  अनिवार्य विषय : अंग्रेज़ी (अनिवार्य)।

**2. लाइव कक्षाओं का समयः**

- दिवस : सप्ताह में 5 दिन (सोमवार से शुक्रवार)।
- समय : प्रतिदिन सायं '04:00 बजे से 08:00 बजे तक' (प्रति विषय लगभग 40–45 मिनट)।
- रिकॉर्डेड कक्षाएं : लाइव प्रसारण के बाद सभी कक्षाएं ई–कक्षा यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध रहेंगी, जिन्हें विद्यार्थी अपनी सुविधानुसार कभी भी देख सकते हैं।

**3. डिजिटल प्लेटफॉर्म एवं लिंकः**

कार्यक्रम से संबंधित लाइव कक्षाएं, ई–नोट्स एवं अन्य अध्ययन सामग्री निम्नलिखित प्लेटफॉर्म्स पर निःशुल्क उपलब्ध रहेंगीः

| | | |
|---|---|---|
| 1 | लाईव कक्षाओं की उपलब्धता | मिशन ज्ञान एप गूगल प्ले स्टोर एवं ई–कक्षा यूट्यूब चैनल पर निःशुल्क उपलब्ध |
| 2 | यूट्यूब चैनल लिंक | https://www.youtube.com/@ekaksha8385/streams |
| 3 | ऐप का लिंक | play.google.com/store/apps/details?id=com.mission.gyan |
| 4 | ई–पाठशाला वाट्सअप चैनल का लिंक | https://whatsapp.com/channel/0029Va5ZMBYDzgTGYdieyv1G |

**4. डिजिटल नोट्स एवं सामग्री व्यवस्थाः**

- प्रतिदिन की लाइव कक्षाओं के लिंक्स, क्लास–नोट्स (PDF) एवं समरी शीट्स 'ई–पाठशाला वाट्सऐप चैनल' तथा विद्यालय के 'स्माइल वाट्सऐप ग्रुप्स' के माध्यम से प्रतिदिन सुबह साझा किए जाएंगे।
- मिशन ज्ञान ऐप तथा वाट्सऐप चैनल पर प्रत्येक विषय के अध्यायवार डिजिटल नोट्स उपलब्ध रहेंगे, जिससे विद्यार्थी घर बैठे नियमित स्वाध्याय कर सकें।
- मिशन ज्ञान द्वारा ई पाठशाला के अंतर्गत समय–समय पर इंटरैक्टिव लाइव डाउट सॉल्विंग कक्षाओं का आयोजन भी किया जाएगा, इन लाइव कक्षा के दौरान विद्यार्थी कमेंट बॉक्स के माध्यम से अपनी विषय संबंधी जिज्ञासाएं पूछ सकेंगे, जिनका समाधान शिक्षकों द्वारा किया जाएगा।

**5. संस्था प्रधान एवं शिक्षकों हेतु निर्देशः**

- संस्था प्रधान एवं विषय शिक्षक यह सुनिश्चित करें कि कक्षा 9 से 12 के सभी विद्यार्थी व अभिभावक ई–पाठशाला वाट्सऐप चैनल तथा स्माइल ग्रुप्स से जुड़े हों।
- प्रार्थना सभा एवं कक्षाओं में विद्यार्थियों को शाम की लाइव कक्षाओं में भाग लेने तथा डिजिटल नोट्स से अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया जाए।
- विद्यालय में विषय शिक्षक के अवकाश पर रहने अथवा पद रिक्त होने की स्थिति में उपलब्ध आईसीटी लैब/स्मार्ट क्लास में रिकॉर्डेड कक्षाओं का उपयोग कर शिक्षण जारी रखा जाए।

अतः निर्देशित किया जाता है कि आप अपने क्षेत्राधिकार के विद्यालयों में उक्त निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करवाते हुए ई–पाठशाला कार्यक्रम के लिए बनाये गये विभागीय वाट्सअप चैनल तथा यूट्यूब चैनल के उपर्युक्त वर्णित लिंक को विद्यार्थियों को उपलब्ध करावे ताकि इन निःशुल्क लाइव कक्षाओं का लाभ सभी विद्यार्थियों को मिल सके तथा विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम में मात्रात्मक एवं गुणात्मक सुधार लाया जा सके।

(ललित कुमार)
निदेशक माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर एवं पदेन
अति. राज्य परि. निदेशक (वरिष्ठ)
समग्र शिक्षा अभियान (समसा)

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ, आवश्यक कार्यवाहीं एवं भागीदारी हेतु प्रेषितः–**

1. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. निजी सचिव, आयुक्त एवं राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, रा.स्कू.शि.प्, जयपुर। (जरिये –ईमेल)
3. निजी सचिव/ स्टाफ आफिसर, निदेशक, माध्यमिक/प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर। (जरिये –ईमेल)
4. मिशन ज्ञान, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि प्राप्त होने वाली शंकाओं/समस्याओं के निस्तारण हेतु संबंधित विषय की विषय सामग्री पीडीएफ तथा लिंक उपलब्ध करवाने का श्रम करावें, ताकि उसे विभागीय वेबसाईट अथवा यूटयूब चैनल पर उपलब्ध करवाया जा सके। (जरिये –ईमेल)
5. सिस्टम एनालिस्ट, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।

6. समस्त शिक्षक गण, विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों को नियमित रूप से कक्षाओं में सहभागिता हेतु प्रेरित करें, ताकि विभाग द्वारा संचालित ई–पाठशाला कार्यक्रम के निर्धारित उद्देश्यों को सफलतापूर्वक प्राप्त किया जा सके।
7. रक्षित पत्रावली।

निदेशक माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर एवं पदेन
अति. राज्य परि. निदेशक (वरिष्ठ)
समग्र शिक्षा अभियान (समसा)